रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

रादुविवि स्वास्थ्य केन्द्र में कोरोना वैक्सीनेशन केन्द्र का शुभारंभ 7 जून को

जबलपुर 02 जून। रादुविवि के स्वाास्थ्य केन्द्र में कोरोना वैक्सीनेशन केन्द्र का शुभारंभ सभी प्रोटोकाल का पालन करते हुए सोमवार दिनांक 07 जून, 2021 को किया जायेगा। इस संबंध में मान. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता, प्रभारी कुलसचिव प्रो. एन.जी. पेण्डसे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्रा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया, विश्वविद्यालय चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम की उपस्थिति में आज बैठक भी आयोजित हुई। उल्लेखनीय है कि विवि प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु समय–समय पर निरंतर समुचित प्रयास किए जा रहे हैं।

मान. कुलपति प्रो. मिश्र ने सभी पात्र शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजन तथा शिक्षण विभागों के छात्र–छात्राओं से शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु अपील की है।